कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail:nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 1286 /FP/UK/ROAD/37612/2018 :देहरादून:दिनांकः 26 नवम्बर, 2021

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय,
25 सुभाष रोड़, देहरादून।

विषयः– जनपद–देहरादून के विधानसभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत सनगाँव से नाही कलां तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.238 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/37612/2018)

**संदर्भः–भारत सरकार की पत्र संख्या–8बी/यू0सी0पी0/06/88/2020/एफ.सी./775 दिनांक 23–09–2021.**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार द्वारा विषयॉकित प्रकरण में कतिपय बिन्दुओं पर सूचना चाही गयी है। भारत सरकार के उक्त सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून की पत्र संख्या–1584/12–1 दिनांक 28–10–2021 (प्रति संलग्न–01) के द्वारा वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, देहरादून की पत्र संख्या–1326/12–1(2) दिनांक 18–11–2021 (प्रति संलग्न–02) के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गई सूचना निम्न प्रकार प्रेषित हैः–

| N | आपत्ति का विवरण | प्रत्युत्तर |
|---|---|---|
| 1. | State Govt. may ensure that the muck disposal sites are not in forest land. | वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, देहरादून द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत मोटर मार्ग के निर्माण में जो भी मलवा उत्सर्जित होगा, उसको चिन्हित नाप भूमि पर एकत्रित किया जायेगा। |
| 2. | In reply to point no. I, revised muck disposal plan forwarded by State Govt. However, it is noteced that in the earlier muck disposal plan, total material received from hill side cutting was mentioned as 1,77,730 cum which has now been revised to 42,000 cum in the new muck disposal plan uploaded online. It appears that only sketchy information related to muck disposal forwarded to this office which has not been prepared as per ground situation. Further 1.7549 ha area in NFL rearlier selected for disposal of 96,530 cum muck and now 1.925 in NFL selected now for disposal of 33,840 cum. Further, the calculation of 4 muck dumping sites selected now comes to 2.309 ha but mentioned 1.925 in reply. Muck disposal is very sensitive issue in the hilly area and therefore state government is requested to provide a detailed justification for adoptig such casual approach while calculating muck disposal. The State Govt. is also repuired to submit the revised muck disposal plan based on scientific study duly approved by the Competent Authority. | वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, देहरादून द्वारा अवगत कराया गया है कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून में दिनांक 06.04.2021 को एक बैठक आहूत हुई, जिसमें मक डिस्पोजल प्लान को संशोधित करने पर विचार किया गया, जिसके क्रम में लो0नि0वि0 के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा मौके पर जाकर उक्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसके उपरान्त 4 स्थलों को मक डम्पिंग हेतु चयनित किया गया। उक्त मक डिस्पोजल प्लान में 40 प्रतिशत Soil Factor को सम्मिलित किया गया है तथा 33840 घ0मी0 मलवा के निस्तारण हेतु 1.925 हे0 नाप भूमि की आवश्यकता है, जिसे कास्तकारों से आपसी समझौते के आधार पर भूमि अर्जन कर प्रस्ताव वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर तैयार किया जायेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | In reply to point no. 3 (b), still road distance found uploaded in place of aerial distance. | प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा परियोजना स्थल की राजाजी टाईगर रिजर्व से हवाई दूरी का प्रमाण–पत्र ऑनलाईन भाग–1 में अतिरिक्त सूचना के रूप में अपलोड कर दिया गया है। |
| 4 | In reply to point no 4, details of trees mentioned at para 4 in part II are not matching with details submitted in TEL. Details of 10-20 dia trees as per TEL mentioned in 0-30 cm column in part II. | वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, देहरादून द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रभावित होने वाले वृक्षों का विवरण ऑनलाईन भाग–II में यथा स्थान संशोधित कर दिया गया है। |

अतः अनुरोध है कि विषयाँकित प्रकरण पर वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण

संख्या–1286 / FP/UK/ROAD/37612/2018 दिनांकित।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक 1826/12–1(2) दिनांक 18–11–2021 के क्रम में।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून।
3. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण

O/c